10th April 2011

तरुणमित्र

लखनऊ, 10 अप्रैल 2011

मुद्दा बन चुका है। देश की अवाम आज बुरी तरह भ्रष्टाचार से त्रस्त है। पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा० अयूब ने भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए तीन वर्ष पूर्व संग्राम किया था। उन्होंने नेताओं व भ्रष्टाचारियों का बायकॉट करने की मांग की थी। आज बाबा रामदेव व अन्ना हजारे जैसे सामाजिक कार्यकर्ता इसी मांग को हवा दे रहे हैं। लेकिन बाबा रामदेव व अन्ना हजारे के पास भ्रष्टाचार से निपटने का कोई विकल्प नहीं है। वहीं डा० अयूब भ्रष्टाचार के विरुद्ध देश को एक विकल्प दे रहे हैं। उक्त बातें पीस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा० मन्नान ने स्थानीय एक होटल में प्रेसवार्ता [illegible] आया है। भारत में अब भ्रष्टाचार के विरुद्ध बदलाव की बयार चल पड़ी है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य यह है कि [illegible] भ्रष्टाचार रोकना [illegible] नहीं बताया दे रहे हैं। मनमोहन सिंह एक ईमानदार प्रधानमंत्री होने के बाद भी मजबूत नहीं मजबूर प्रधानमंत्री साबित हो रहे हैं। प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार को मुख्यमंत्री नहीं बल्कि माफिया चला रहे हैं। डा० अयूब ने जब तीन वर्ष पूर्व पीस पार्टी का गठन किया था तो लोग मजाक उड़ा रहे थे। आज सभी दल पार्टी की ताकत को आंकने लगे हैं। यही कारण है कि अब तक भी दलों का गठबन्धन पीस पार्टी से हो चुका है और प्रदेश में यह गठबन्धन तेजी के साथ अपना पैर पसार रहा है। आने वाले विधानसभा चुनावों में

जिला इकाई पीस पार्टी बस्ती

प्रेस वार्ता में डॉ. अब्दुल मन्ना व दयाराम चौधरी

पारदर्शिता को
विधानसभा चुनाव 2
सत्ता प्रदेश की स
कहा कि पीस पार्टी
अच्छी है तथा
और पीआर को दे
गया है। नई सरकार
सत्ता परिवर्तन के
सम्भावी है। उन्होंने
का मुस्तपुर आया
होना है और पी
सहयोग देते हुए
की मजबूत कर रही

कम्प्यूटर के माध्यम ये जरदोजी प्रशिक्षण का शुभारम्भ

फर्रुखाबाद ब्यूरो। वर्तमान कम्प्यूटर युग में इस शिल्प विधा के माध्यम से जनपद के उद्यमियों तथा कर्मियों के लिए एक नवीन आयाम प्रस्तुत करने के लिए जनपद के जरी कारीगरों के लिए एक दीर्घगामी प्रशिक्षण योजना कई चरणों में निर्धारित करने के लिए जनपद के बुद्धिजीवियों व कलाविदों तथा व्यवसायियों से मिले के पैटर्न पर जरदोजी प्रशिक्षण हेतु कम्प्यूटर लाब शुभारम्भ किया गया है। पांचा पार्क स्थित पंचशील शिक्षा निकेतन में संस्था की प्रमुख सुश्री नीरा मिश्रा ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर, ख्याति प्राप्त फर्रुखाबाद की ऐतिहासिक पात्र द्रोपदी को सर्मापित सांस्कृतिक संस्था द्रोपदी ट्रस्ट ने उ०प्र० और दिल्ली सहित अनेक प्रदेशों में अपने योगदान को प्रदर्शित किया है। विश्व के दर्जनों देशों के सैकड़ों युवकों रंगकर्मियों शिक्षाविदों और पुरातात्विकों के मध्य भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। तथा एक साल में साठ से सत्तर युवाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए जल्द ही जगह का चयन कर लिया जायेगा। इस मौके पर डा० रामकृष्ण राजपूत पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत डा० मो० मोहसिन एम०डी० प्रोफेसर एन०ए०एस० राठौर रविन्द्र भदौरिया भावना गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

अन्ना हजारे के समर्थन में रोहित गोयल ने

फर्रुखाबाद ब्यूरो। समाज सेवी अन्ना हजारे द्वारा भ्रष्टाचार
आन्दोलन से जहां जनता को एक ओर भ्रष्टाचार से निजात मिलने
भ्रष्टाचार डूबे राजनेता एवं अधिकारी कर्मचारियों की रातों की नीं
गया है। जबकि इस आन्दोलन से जनता जागृत हुई है तथा अब
दुनिया से लेकर विभिन्न समाजसेवी संस्थायें छात्र एवं बुद्धिजीवि
साथ अन्ना हजारे के समर्थन में हाथ उठाने से व उनके सहयोग में
सरकार की चूलें हिल गई हैं जब सरकार ने देखा कि अन्ना हजा
जनता का समर्थन मिलता जा रहा है तो उन्होंने मजबूर होकर अ
मांगें मानने पर सरकार मजबूर नजर आई फलस्वरूप [illegible]
उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचा
जगाने वाले गांधीवादी नेता अन्ना हजारे के समर्थन में भारी संख्
रेलवे रोड से चौक बाजार तक एक पदयात्रा की जो बाद में
रूप परिवर्तित हो गई जिसको सम्बोधित करते हुए उद्योग व्यापार
रोहित गोयल ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आज जनता
के खातिर में अन्ना हजारे पीछे ही जायेंगे जो राजनेता या कर्मचारी
जायेगा उसे जनता माफ नहीं करेगी अन्ना हजारे ने जिस प्रकार
बिगुल फूंका है उससे भयभीत होकर सरकार ने घुटने टेक दिए
साथ साथ सारे देश की जीत हुई है इस मौके पर पदम पाण्डेय
गंगाराम गुप्ता सुशील [illegible] मुकेश साहू रजनी राठौर
अग्रवाल प्रभु चतुर्वेदी सन्तोष पाण्डेय संजीव अग्रवाल
संख्या में लोग उपस्थित रहे।

हिन्दू-मुस्लिम के संगम से रोशन हुई रैली

संतकबीर नगर (सं.)। भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार राजभर ने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम के संगम से आजमगढ़ में हुई गुलामी छोड़ो समाज जोड़ो रैली रोशन हो गई उन्होंने कहा कि 18 जातियों को [illegible] और दर्जा देने के लिए पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० मुहम्मद अय्यूब, कौमी एकता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अफजाल अंसारी, भारतीय समाज पार्टी के साथ है सत्य और अहिंसा के पुजारी हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक संत कबीर के मार्गों पर चलकर हिन्दू-मुस्लिम का मेल हुआ है जो देश की एकता को मजबूत बनाता है बैठक में रामअवध निषाद, योगेश्वर यादव, रामचेतन प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

शिक्षकों ने जाहिर की प्रसन्नता

संतकबीर नगर (सं.)। उत्तर-प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता अजीत कुमार पाल को मण्डल अध्यक्ष एवं संजय द्विवेदी को मण्डलीय सचिव बनाये जाने पर मेंहदावल क्षेत्र के बहुत से शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर की है प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संगठन के जिला मंत्री गोपाल जी सिंह एवं संरक्षक मारकण्डेय सिंह ने कहा कि शिक्षकों के हित के लिए अनवरत लड़ाई लड़ने के प्रयास [illegible] करते चले आ रहे हैं जिसके कारण उन्हें प्रान्तीय संरक्षक विधान परिषद सदस्य राजबहादुर चंदेल एवं प्रान्तीय अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य चेत नारायण सिंह

भीषण गर्मी में भी ओवरफ्लो

सफाई कर्मचारी करते हुए औपचारिकता

कई वार्डों में नदारद रहते हैं

वरिष्ठ संवाददाता

एटा। सफाईकर्मियों की मनमानी कहें या उदासीनता, भीषण गर्मी के बावजूद भी शहर और कस्बों में अधिकांश नाले-नालियां ओवरफ्लो हो रही हैं। कई वार्डों में सफाई कर्मचारी नदारद हैं, तो जहां सफाईकर्मी आ भी रहे हैं वहां सफाई के नाम पर औपचारिकता मात्र निभाई जा रही है। जिसके चलते नाले-नालियों में सड़क तक कीचड़ और पानी लगातार भरा हुआ है। जो गंदगी और बीमारियों को बढ़ा भी है। [illegible]

साफ-स्वच्छ नजर आते हैं। लेकिन हकीकत जनप्रतिनिधियों को भी पता है। सफाई कार्य के नाम पर यहां मात्र औपचारिकताएं निभाई जाती हैं। बात अगर शहर की करें तो ठंडी सड़क, नेहरू रोड, जेल रोड, शांति नगर, होली गेट, पटियाली गेट आदि दर्जनों स्थानों पर नाले और नालियां ओवरफ्लो होती कभी भी देखी जा सकती हैं। यह बात चौंकाने वाली जरूर है कि भीषण गर्मी में जहां जल का स्रोत लगातार नीचे पहुंच रहा है और ताल-तलैया